
हमारे प्रिय
कुणाल सोमानी
को आज जन्म दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु- आशीष नवाल, भारतसिंह तोमर, संदीप बारोदिया, प्रीतमसिंह सौलंकी, पिन्टू शर्मा, संजीव परमार, श्याम ग्वाला, प्रांजल शर्मा, रोहित शुक्ला, सचिन शर्मा ।



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 247 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 23 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया



हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रात: 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333


## गर्मी की छुट्टियों के बाद अब वर्षाकालीन अवकाश..?

### जिला मुख्यालय के पांच स्कूलों में एक माह अघोषित अवकाश..!

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस। गर्मी की छुट्टियां पूरे प्रदेश में होती है। लेकिन, अपने मंदसौर जिला मुख्यालय के पांच स्कूल ऐसे है, जहां गर्मियो की छुट्टी के बाद वर्षाकालीन अवकाश भी होता है। फर्क सिर्फ इतना है कि गर्मियो की छुट्टियां घोषित होती है और वर्षाकालीन अवकाश अघोषित।**

हम बात कर रहे हैं कालाखेत बालागंज ग्राउंड परिसर में लगने वाले स्कूलों की। न सीएम के आदेश और न ही कलेक्टर के, इसके बाद भी यहां लगने वाले दो प्रावि, एक मावि और हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलो में दस माह में से एक माह अवकाश होता है। मिनी स्टेडियम का सपना पूरा करने की तो दूर की बात, यहां स्कूल तक पहुंचने के लिए ग्राउंड तक की स्थिति सुधारने की जहमत जिम्मेदारों ने नहीं उठाई। हर बारिश में पानी जमा होने के बाद कीचड़ हो जाता है। जिससे स्कूलों तक पहुंचना संभव नहीं। अपने स्तर पर जरुर साइडों में गिट्टी या रेत डालकर स्कूल स्टॉफ स्कूल तक पहुंचने के लिए रास्ता तैयार करता है। लेकिन, यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। इस समाधान से स्टॉफ तो जैसे तैसे स्कूल तक पहुंच पा रहा है। लेकिन, बच्चों का पहुंचना संभव नहीं हो पाता है।

#### बारिश में कीचड़, अन्य दिनों में गुजर रहे वाहन चालक...

मिनी स्टेडियम के पूर्ण नहीं होने से कालाखेत मैदान बारिश में कीचड़ से सराबोर हो जाता है। इसके अलावा वाहन चालकों ने इसे आम रास्ता बना दिया है। गंदगी के ढेर भी लगे हुए हैं। सभी ट्रांसपोर्ट कंपनियों के ट्रक यहीं से लोड-अनलोड हो रहे हैं। इससे मैदान के आस-पास लगने वाले सात स्कूलों में आ रहे बच्चों को भी परेशानी होती है।



#### 23 साल से अधूरा है सपना...

कालाखेत मैदान पर मिनी स्टेडियम का सपना 23 साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। वर्ष 2002 में बनी इस योजना में क्रियान्वयन के लिए पहले हाउसिंग बोर्ड फिर नगर पालिका को एजेंसी बनाया गया। डेढ दशक में निर्माण के लिए दो एजेंसी बदलने के बाद भी अब तक स्टेडियम निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ। इसको लेकर विधानसभा में भी सवाल उठा चुका है कि आखिर मिनी स्टेडियम की फाइल कहां अटकी है। इसका जवाब देने नपा के दो इंजीनियर भोपाल भी जा चुके हैं। पर कोई हल नहीं निकला।

#### कांग्रेस-भाजपा दोनों सरकार देख चुका कालाखेत मैदान...

कालाखेत मैदान में मिनी स्टेडियम का सपना पूरा होने से पहले ही प्रदेश में भाजपा की चार सरकारों ने कार्यकाल पूरे कर लिए हैं और पांचवी सरकार काबिज हो चुकी है। इसके पहले वर्ष 2002 में भूमिपूजन के समय भी कांग्रेस की सरकार थी और तब मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने मंदसौर आकर शिलान्यास किया था। इसके बाद कमलनाथ सरकार ने भी 15 माह का कार्यकाल पूरा किया। जिसे भी कालाखेत मैदान ने देखा।

#### 145 में से 104 दुकानें ही बनाई...

वर्ष 2000 में कालाखेत मैदान में मिनी स्टेडियम बनाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर अनुराग जैन ने रूपरेखा तैयार कराई थी। वे वर्तमान में प्रदेश के मुख्य सचिव है। मैदान को सुधार कर यहां हॉकी, बास्केटबॉल के कोर्ट बनाने की कार्य योजना तैयार की गई। स्वीकृति मिलने के बाद वर्ष 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने शिलान्यास भी कर दिया। हाऊसिंग बोर्ड को निर्माण एजेंसी बनाया गया। हाऊसिंग बोर्ड को लगभग 145 दुकानें बनाकर बेचना थी और बदले में स्टेडियम तैयार करना था। पर, हाउसिंग बोर्ड ने 104 दुकानें ही बनाई। उसमें से भी कई बिक नहीं पाई। बाद में बोर्ड ने हाथ खींच लिए। उसके बाद से ही स्टेडियम निर्माण पर रुकावट का दौर शुरू हुआ जो अब तक कायम है।

## कंटेनर में ठूंस-ठूंस कर भर रखे थे 50 गौवंश

### दो फरार को पकड़ने गई पुलिस, एक को ग्रामीणों ने पीटा

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** एक कंटेनर में करीब पचास से अधिक गौवंश निर्दयता पूर्वक अवैध रूप से ले जाए जा रहे थे। जिन्हें पिपलियामंडी पुलिस ने राजमार्ग पर पकड़ा। एक आरोपी को पकड़ने के बाद मौके से फरार दो आरोपियों को पुलिस पकड़ने के लिए दौड़ लगाई। इसी बीच पुलिस गाड़ी में बैठाए गए आरोपी को ग्रामीणों ने रिमांड पर ले लिया। उसकी धुलाई कर मामले की जानकारी ली गई। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

जिले के पिपलिया मंडी थाना क्षेत्र में रविवार सुबह अवैध रूप से गोवंश ले जा रहे कंटेनर को स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने पकड़ा। इस दौरान भीड़ ने पुलिस की गाड़ी में बैठे एक व्यक्ति के साथ मारपीट की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में पुलिस वाहन तो दिख रहा है। लेकिन, पुलिसकर्मी मौके पर नहीं दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर गोवंश को गोशाला भेज दिया है।



#### चेकिंग के दौरान भगाया था कंटेनर...

पिपलिया मंडी थाने के एसआई सत्येंद्र सैनी ने बताया कि रविवार सुबह थाने के सामने पॉइंट लगाकर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान नसीराबाद जा रहे कंटेनर आरजे11जीसी1516 के ड्राइवर ने चेकिंग पॉइंट से ट्रक भगा लिया। संदेह होने पर ट्रक का पीछा किया गया, इसके बाद ग्रामीणों की मदद से बालागुड़ा मार्ग पर वाहन को पकड़ा गया।

#### भागे बदमाशो को तलाश रही थी पुलिस, ग्रामीणों ने तीसरे को पीटा...

आरोपी मोहसिन पिता शेफू, राजा पिता शरीफ निवासी नाहर सैयद और शाकिर पिता मुश्ताक सभी निवासी मंदसौर कंटेनर में बर्बरता पूर्वक 50 से अधिक गोवंश भरकर राजस्थान के नसीराबाद से धार ले जा रहे थे। इस दौरान राजा और शाकिर मौके से भाग गए, वहीं मोहसिन को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने उसे गाड़ी में बैठाकर ग्रामीणों के हवाले किया और दो आरोपियों को तलाशना शुरू किया। इसी बीच लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसका वीडियो बना लिया।

#### तीन आरोपी गिरफ्तार, गौवंश को गौशाला भेजा...

पुलिस टीम ने अन्य दो आरोपी राजा और शाकिर को भी थोड़ी जद्दोजहद के बाद पकड़ लिया। तीनों को पिपलिया मंडी थाने ले जाकर पूछताछ की जा रही है। वहीं गोवंश को गुड़भेली गौशाला भेजा गया है।

## स्कूल संचालकों ने अब तक नहीं दी फीस की जानकारी, कार्यवाही का डंडा चलेगा

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के करीब 08 हजार निजी स्कूलों ने फीस संबंधी जानकारी पोर्टल पर अब तक अपलोड नहीं की है। इनमें मंदसौर के भी कई स्कूल शामिल है। अब स्कूल शिक्षा विभाग इन पर जुर्माना लगाने की तैयारी कर रहा है। यानी यदि किसी स्कूल का पंजीयन शुल्क एक हजार रूपए है, तो उस पर 05 हजार और 05 हजार पंजीयन शुल्क है तो उससे 25 हजार रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय की तरफ से एनआईसी से जानकारी मांगी गई है कि कौन-कौन से स्कूल हैं, जिन्होंने अब तक फीस की जानकारी अपलोड नहीं की है। इनकी जानकारी मिलते ही इन सभी को नोटिस जारी होंगे।




बता दें कि मप्र निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए निर्धारित फीस संरचना (कक्षा एवं संवर्गवार) की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। लेकिन, इनमें से 25 हजार रुपए से कम वार्षिक फीस वसूलने वाले निजी स्कूलों को अब स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी अपलोड करना जरूरी नहीं होगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने करीब दो महीने पहले निर्देश जारी कर दिए थे।

## कार से मिली 16 पेटी शराब, चालक गिरफ्तार




मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस। अफजलपुर थाना पुलिस ने कार से 16 पेटी शराब और बियर जप्त करने के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार से अवैध शराब की तस्करी की जा रही थी।

पुलिस ने बताया कि सूचना मलने पर अरनियागुर्जर और कुचड़ोद के बीच दबिश दी गई। इस दौरान अल्टो कार जीजे 36 एफ 8401 को रोका गया। तलाशी लेने पर उसमें 10 पेटी प्लेन शराब कुल 90 लीटर एवं 06 पेटी पावर बीयर कुल 72 लीटर कुल 162 लीटर शराब मिली। पुलिस ने मामले में चालक शंभु पिता लक्ष्मण गायरी निवासी नाग खजुरी थाना सीतामउ को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया।

#### जावरा में 500 पेटी शराब पकड़ी गई...

रतलाम जिले की जावरा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 500 पेटी अवैध शराब जब्त की है। यह शराब कंटेनर में तिरपाल से ढक कर रखी थी। जो कि चंडीगढ से गुजरात के वडोदरा ले जाई जा रही थी। पकड़ी गई शराब की कीमत 43 लाख रुपए से अधिक बताई गई है।

जावरा औद्योगिक थाना प्रभारी वीडी जोशी ने बताया कि ट्रैफिक सूबेदार सोनू वाजपेयी ने वाहन चैकिंग के दौरान संदिग्ध ट्रक की सूचना दी। जावरा-उज्जैन रोड पर एट लेन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के पास संदिग्ध कंटेनर एमएच14जेएल9333 की तलाशी ली। ट्रक में 500 पेटी अवैध शराब पाई गई। कंटेनर ड्रायवर कालूराम पिता मालाराम गोदार निवासी बेहल भिवानी (हरियाणा) के खिलाफ आबकारी एक्ट में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि जब्त शराब की कीमत 43 लाख 20 हजार रुपए है। प्रारंभिक पूछताछ में ड्राइवर शराब का कंटेनर चंडीगढ़ से गुजरात के वडोदरा लेकर जा रहा था। जब्त शराब में 200 पेटी बडवाइजर बियर, 100 पेटी रायल चैलेंज, 100 पेटी मैक्डोवेल, 100 पेटी रॉयल स्टेज शराब शामिल है।

## पलंग पर सो रहे मासूम को सांप ने डसा, मौत

**नीमच, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में शनिवार रात को जहरीले सांप के डसने से एक 11 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। हादसे के वक्त मासूम घर में पलंग पर सो रहा था। इसके बाद परिजन बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने तत्काल इलाज करना शुरू कर दिया। लेकिन, रविवार सुबह करीब 06 बजे बच्चे ने दम तोड़ दिया। यह घटना रतनगढ़ थाना क्षेत्र के मांडा गांव की है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मृतक की पहचान अमन पिता प्रहलाद रैगर के रूप में हुई है। जो सातवीं कक्षा का छात्र था। जब वह घर में पलंग पर सो रहा था। इसी दौरान सांप ने उसके कान के पीछे डस लिया। सांप के काटने के बाद अमन की हालत बिगडने लगी। रविवार रात करीब 03 बजे उसके पिता उसे बड़े अस्पताल लाए। जहां डॉक्टरों ने तत्काल उपचार शुरू किया। लेकिन, सुबह करीब 06 बजे अमन की मौत हो गई।

## पुलिस विभाग में अस्थायी रूप से ऊंचे पद का कार्यभार नहीं दे सकेंगे...!

**भोपाल, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन ने पुलिस विभाग में कार्यवाहक रूप से उच्च पद का प्रभार देने की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दी है। यानी अब किसी भी अधिकारी को अस्थायी रूप से उच्च पद का कार्यभार नहीं मिलेगा। पुलिस मुख्यालय ने सभी इकाइयों को पत्र जारी कर स्पष्ट किया कि अब किसी भी अधिकारी को कार्यवाहक प्रमोशन नहीं दिया जाएगा। यह आदेश 19 जून 2025 को जारी मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 की अधिसूचना के बाद आया है।

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना की अनुमति से यह निर्देश जारी हुआ है। पदोन्नति में आरक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण लंबे समय से प्रमोशन रुके हुए थे। इस कारण कई कर्मचारी बिना प्रमोशन के रिटायर भी हो चुके हैं। स्थिति को देखते हुए गृह विभाग ने 10 फरवरी 2021 को एक आदेश जारी कर पुलिस इकाइयों को यह अधिकार दिया था कि वे अधिकारियों को कार्यवाहक रूप से ऊंचे पदों का प्रभार दे सकते हैं। इसी के तहत पिछले कुछ वर्षों र्से पदस्थापन हो रही थी। अब नए फैसले का असर उन सैकड़ो अधिकारियों पर पड़ेगा, जो पिछले कुछ वर्षों से कार्यवाहक के रूप में उच्च पदों का जिम्मा संभाल रहे थे।

## दस हॉर्स पावर वाले सोलर पंप के बाद किसान कर रहे हैं बाकी का इंतजार

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** किसानों को सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा आधारित पंपों की सुविधा देने की दिशा में सरकार ने अप्रैल में बड़ा कदम उठाया था। 10 हॉर्स पावर की श्रेणी में सोलर पंप पर 90 प्रतिशत तक की सब्सिडी देने के साथ पोर्टल ओपन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने आवेदन किया। इस योजना में 60 प्रतिशत सब्सिडी केंद्र और 30 प्रतिशत प्रदेश सरकार द्वारा दी जाती है। जबकि, किसानों को केवल 10 प्रतिशत अंशदान करना होता है। लेकिन, इसके बाद से ही 3, 5 और 7 हॉर्स पावर के पंपों की श्रेणियों में कोई अपडेट नहीं आया है। शासन का पोर्टल अब तक नहीं खुला है, जिससे छोटे और मध्यम किसान वर्ग में निराशा है।

#### किसानो की मांग, जल्द खुले पोर्टल...

किसानों का कहना है कि खेत तैयार हैं। लेकिन, पानी की व्यवस्था नहीं है। यदि समय पर सोलर पंप नहीं मिला तो खरीफ फसल प्रभावित हो सकती है। सरकार जल्द से जल्द 3, 5 और 7 एचपी श्रेणियों के लिए भी पोर्टल खोले। वहीं कृषि जानकारों के अनुसार मप्र में 70 प्रतिशत किसान लघु और सीमांत श्रेणी के हैं। उनके लिए 3 से 5 हॉर्स पावर के सोलर पंप उपयुक्त हैं। सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द पोर्टल चालू करे ।



## गरोठ थाना भवन जर्जर, विवेचना कक्ष की छत गिरी

### सालों पुराने भवन में लगातार बढ़ रहा खतरा, बारिश में बढ़ी परेशानी

**गरोठ, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर के थाना परिसर में रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब विवेचना कक्ष की छत भरभराकर गिर गई। गनीमत यह रही की हादसे के समय कक्ष में कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

बताया गया हैं कि थाना भवन का निर्माण 07 जुलाई 2005 को हुआ था, जिसका उद्घाटन तत्कालीन उद्योग मंत्री कैलाश चावला एवं वर्तमान वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा किया गया था। महज 20 वर्षों में र्ही भवन की हालत इतनी जर्जर हो गई है कि छत गिरने की यह दूसरी घटना है।वर्तमान में भवन के कई अन्य हिस्सों की छतें भी क्षतिग्रस्त स्थिति में हैं और बारिश के मौसम में खतरा और अधिक बढ़ गया है। थाना स्टाफ लगातार भय के वातावरण में कार्य कर रहा है।

## हर साल बीज का तनाव, इस बार भी परेशान किसान..!

### किसान सवा दो लाख, बीज केवल 03 हजार क्विंटल

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय सहित अंचल में किसानों ने खरीफ फसल की बोवनी शुरु कर दी है। यही कारण है कि सोयाबीन के बीजों के दाम इस समय आसमान छू रहे हैं। शासन ने अभी तक सहकारी संस्थाओं में कोई व्यवस्था नहीं की है। इसका मुख्य कारण बीज की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होना है।

बोवनी के लिए सोयाबीन बीज नहीं मिलने पर किसानों को भटकना पड़ रहा है। बाजार व निजी दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है। व्यापारी बीज के लिए मनचाहा दाम मांग रहे हैं। इसी परेशानी का परिणाम रहा कि एक दिन पहले शामगढ़ क्षेत्र में किसानों ने बीज को लेकर प्रदर्शन भी किया। स्थिति यह है कि सवा दो लाख से अधिक किसान जिले में बोवनी करते है और विभाग को सिर्फ 03 हजार क्विंटल ही बीज मिला है। ऐसे में किसान बीज के लिए अपने स्तर से जुगाड़ में लगा है। कृषि विभाग के दफ्तरों पर दो दिनों से लंबी कतारों में किसान बीज के लिए हाथों में दस्तावेज लेकर उम्मीद से लगा है, लेकिन बीज नहीं मिल रहा है।

#### हर साल यही हाल...

सोयाबीन के बीज के लिए हर साल यही स्थिति बनती है। वर्ष 2019 में आई बाढ़ में सोयाबीन फसल खराब होने के साथ यह स्थिति बढ़ी है। अब हर साल खरीफ सीजन के पहले सोयाबीन बीज के लिए किसान को जोड़-तोड़ करना पड़ती है। विभाग के पास पर्याप्त बीज और दामों पर नियंत्रण के लिए कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में किसान महंगे बीज के साथ बोवनी करने को मजबुर है, उसके लिए भी उसे अपने स्तर पर ही बीज जुटाना पड़ रहा है।

#### कीमत पर नियंत्रण की कोई योजना नहीं...

खरीफ और रबी की बोवनी से पहले ही हर बार की तरह खाद बीज माफिया सक्रिय हो गए। इसका कारण है कि प्रशासन का कोई नियंत्रण खाद बीज के दाम पर नहीं है। लेकिन, किसानो को सबसे बड़ी परेशानी वर्तमान में बीज को लेकर हो रही है। विभाग व प्रशासन के पास न तो बीज उपलब्ध कराने के लिए इंतजाम है और न हीं खुले बाजार में बीज के दामों पर नियंत्रण के लिए कोई प्रावधान। ऐसे में कालाबाजारी भी बढ गई है।



#### इस बार भी डेढ़ लाख हेक्टेयर में सोयाबीन...

मंदसौर जिले में खरीफ सीजन की मुख्य फसल सोयाबीन है। सवा तीन लाख हेक्टेयर में से डेढ़ लाख से अधिक हेक्टेयर में सोयाबीन की बोवनी जिले में होती है। ऐसे में किसानों को बीज की जरुरत है। लेकिन, विभाग के पास बीज सिर्फ 03 हजार क्विंटल आया है। वह एससी, एसटी, महिला से लेकर लघु सीमांत किसानों को योजना के तहत वितरण होना है। बाकी किसानों को अपने बीज की व्यवस्था स्वयं करना है। बीज के दामों पर नियंत्रण भी नहीं है। बोवनी का दौर शुरू हो गया है और बीज की दौड़भाग खत्म नहीं हो रही है। इसी कारण बीज के लिए लंबी कतारों के साथ मारामारी का दौर जारी है।

## मोहर्रम माह के ताजियो के प्रभारियों की नियुक्ति

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला शांति समिति के सदस्य एवं



मुस्लिम समाज के वरिष्ठगण मोहम्मद युनुस शेख, भुराभाई सदर, हाजी मोहम्मद खलील शेख, एडवोकेट अनवर अहमद मंसूरी, हाजी अकील कुरैशी, हाजी गुलाम मोहम्मद निलगर, हाजी मेहमुद जी दिपलिया आदि ने मोहर्रम माह के लिए ताजियों के 10 दिवसीय कार्यकम के लिए जिले में प्रभारी बनाए है जो अपने क्षेत्र की जानकारी शाासन व प्रशासन को उपलब्ध कराऐंगे। हाजी शहजाद पटेल जिला प्रभारी मोबाईल नम्बर 7000603803, भानपुरा प्रभारी मुन्नाबाई कुरैशी मोबाईल नम्बर 998125104, सीतामऊ प्रभारी मौलाना शमशेर साहब मोबाईल नम्बर 9752345713 एवं मल्हारगढ प्रभारी लियाकत खां मेव मोबाईल नम्बर 9301229208 को नियुक्त किया है। उक्त जानकारी एडवोकेट अनवर अहमद मंसूरी ने दी।

# लोक निर्माण विभाग द्वारा 01 जुलाई को एक लाख पौधों का किया जाएगा रोपण

### जल संरक्षण के लिए 500 लोक कल्याण सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित, प्रदेश में 35 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण, तीन कार्य असंतोषजनक पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा औचक निरीक्षण की कार्ययोजना तैयार की गई है। इस योजना के अंतर्गत हर माह दो दिन रेंडमली चयनित कार्यों की औचक निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता का परीक्षण किया जाएगा।

इसी क्रम में मुख्य अभियंताओं के सात दलों द्वारा बैतूल, बालाघाट, श्योपुर, बुरहानपुर, अनूपपुर, मंदसौर एवं दमोह जिलों में 35 कार्यों की निरीक्षण किया गया। इनमें 14 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क/पुल), 11 कार्य पी.आई.यू. (भवन), 06 कार्य म.प्र. सड़क विकास निगम, 03 कार्य म.प्र. भवन विकास निगम एवं 01 कार्य एन.एच. का सम्मिलित रहा। मंत्री श्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निरीक्षण दलों से प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रमुख अभियंता (बी एण्ड आर) श्री के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) श्री एस.आर. बघेल, प्रमुख अभियंता (भवन विकास निगम) श्री अनिल श्रीवास्तव, तकनीकी सलाहकार श्री आर.के. मेहरा, उपसचिव श्री ए.आर. सिंह सहित समस्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा में बालाघाट जिले के कुटुंब न्यायालय भवन कार्य को बहुत अच्छा पाया गया, जिसके लिए कार्यपालन यंत्री श्री उदल सिंह उईके, अनुविभागीय अधिकारी श्री आनंद राव बनसोर एवं उपयंत्री श्रीमती ममता धुर्वे की सराहना की गई। श्योपुर जिले में करहल-सरई-बरगवां मार्ग के कार्य को उत्कृष्टपाए जाने पर कार्यपालन यंत्री श्री विष्णु अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री अंजली प्रजापति एवं उपयंत्री श्री एम.सी. दंडोतिया की प्रशंसा की गई। अनूपपुर जिले में अनूपपुर-दर्री खेरखा मार्ग का कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया, जिस पर ठेकेदार मैसर्स गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, गुरुग्राम के विरुद्ध कार्रवाई के लिये निर्देशित किया गया। बुरहानपुर जिले में सिवाल-केरपानी-अमूल्ला परेठा मार्ग में कार्य विलंब पाए जाने पर मैसर्स के.जी. गुप्ता इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंदौर तथा अनूपपुर जिले में कमरोद-चटुआ-टंकीटोला मार्ग के कार्य पर मैसर्स सिद्धि विनायक बिल्डर्स एंड सप्लायर्स, शहडोल के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश संबंधित मुख्य अभियंता को दिए गए।

मंत्री श्री राकेश सिंह ने 01 जुलाई को एक लाख पौधों का रोपण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पौधों की सुरक्षा, रखरखाव एवं जियोटैग फोटोग्राफ्स अपलोड करने के निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री एकपेड़माँकेनाम अभियान के तहत सभी अधिकारी अपने परिवार सहित भागीदारी करें। सड़क निर्माण के साथ जल संरक्षण को प्रोत्साहित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने 500 लोक कल्याण सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इनमें से 20 सरोवरों का निरीक्षण स्वयं मंत्री करेंगे जबकि 10-10 सरोवरों का निरीक्षण मुख्य अभियंता करेंगे। 08, 09 एवं 10 जून 2025 को चलाए गए निरीक्षण अभियान में चिन्हित सडकों की शीघ्र मरम्मत के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही, सभी अभियंताओं को लोक पथ मोबाइल ऐप में पॉट होल्स एवं सुधार कार्य की जानकारी दर्ज करने के निर्देश भी जारी किए गए।



# सभी की मेहनत रंग लाएगी, होगा शिवना नदी का शुद्धिकरण-विधायक

### हर रविवार शिवना शुद्धिकरण अभियान शुरू, नए पौधे लगाये, 3 ट्राली गंदगी निकाली

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधायक विपिन जैन के आव्हान पर हर रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान शुरू हो गया है। 49 दिन तक अभियान में नगर व आसपास क्षेत्र के हजारों लोगों ने श्रमदान कर शिवना से जलकुंभी व गाद निकाली। अब बारिश के मद्देनजर अभियान को सप्ताह में एक दिन का रविवार का शुरू किया गया है। 22 जून को अभियान्तर्गत श्रमदानियों ने नए पेड पौधे लगाए, झाडियां काटी व शिवना नदी से तीन ट्राली जलकुंभी व गंदगी निकाली गई।

विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि शिवना शुद्धिकरण हेतु सभी प्रयासरत है। बारिश के कारण अभियान को थोड़ा शिथिल किया है। लेकिन शिवना शुद्धिकरण हेतु पौधरोपण करने का कार्य निरंतर जारी है। तथा जल्द ही सभी की मेहनत के सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। आज श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, रक्त सेवा संस्थान के नागेश्वर मालवीय, अम्बाराम पाटीदार, रामनारायण मालवीय, पुष्कर पाटीदार, ज्योति मालवीय, भैरवनाथ बाल सेना मंदसौर के सुमीत पांडे, प्रणव पांडे, हेमंत सरगरा, भविष्य चौहान, भावेश सोनी, विरेन्द्र मीणा, रीषीराज पांडे, समाजसेवियों में अभिषेक तिवारी, हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, रमेश सोनी, बी.एम. बामनिया, घनश्याम भावसार, प्रतीक चंडालिया, नमन पालीवाल, विजय आनंद, हीरालाल जैन, महिला नेत्रीयों में सोनाली जैन, अनिता भदौरिया, प्रमिला पंवार, वर्षा धोसरिया, सुनीता जादौन, मीना चौहान, भागवंती बामनिया, दीपाली पोरवाल, गीताली पोरवाल, शैली पोरवाल कांग्रेसजन मे विकास दशोरा, तरूण खीची, राजनारायण लाड, संजय नाहर, राजेश फरक्या, रमेश सिंगार, विश्वास दुबे, मनोहर नाहटा, रमेश ब्रिजवानी, अजय सोनी, कैलाश कुमावत, इन्द्रेश कुमावत भगत, महीपालसिंह पंवार, अशोकराव, शिवशंकर सौलंकी, राकेश सेन, सोहनलाल धाकड ,गोपाल बंजारा, राजाभाई, ऋषिराज लाड, गणपत कुमावत, नितनेस बसेर आदि अनेक आमजन उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

### 04 साल से 17 साल तक के 150 बच्चे कर रहे हैं सहभागिता



**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्केटिंग एसोसिएशन विगत 12 वर्षो र्से निरंतर स्केटिंग प्रशिक्षण का आयोजन कर रहा है इसी कडी में दसवीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्केटिंग एसोसिएशन मंदसौर द्वारा किया जा रहा है जिसके लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया रखी गई थी जिसके अंतर्गत मंदसौर जिले के डेढ़ सौ से अधिक खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन किया प्रतियोगिता में प्रत्येक खिलाड़ी को दो रेस करने का अवसर प्रदान किया जाएगा जिसमें एक रिंग रेस व एक रोड रेस आयोजित होगी। प्रतियोगिता में छह आयु वर्ग के बालक बालिका शामिल किए गए हैं जिसमें 5 वर्ष से कम 6 व 7 वर्ष, 8 व 9 वर्ष, 10 से 12 वर्ष, 12 से 14 वर्ष, व 15 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के समूह बनाए गए इसके अंतर्गत इनलाइन, क्वॉड व सैंडल स्केटिंग की प्रतियोगिता अलग-अलग आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मंदसौर के पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह जी सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर व वरिष्ठ पत्रकार सनंवर खान विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल भंडारी ने की शुभारंभ समारोह के पश्चात क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल रेस का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। अधिक जानकारी देते हुए जिला स्केटिंग एसोसिएशन के सचिव राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह प्रतियोगिता निरंतर 10 वर्षों र्से आयोजित की जा रही है इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है ताकि वे जब राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने जाए तो उनमें उत्साह बना रहे व प्रतियोगिता में किस तरह से अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे निकलना है इसके लिए तैयार रहे।

वर्ष 2024 25 में जिला स्केटिंग संघ व जिला रोलबॉल संघ के 64 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय वेस्ट जोन प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है जो इस तरह की छोटी-छोटी प्रतियोगिताओं के परिणाम स्वरूप ही संभव हुआ है इस प्रतियोगिता का समापन समारोह मैं इन सभी राष्ट्रीय खिलाड़ियों का स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मान किया जाएगा। व रोड व रिंक प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगे। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सभी अभिभावकों का वह संघ के पदाधिकारी का विशेष सहयोग रहा है जिसमें सचिन काले, लाभांशी हेजू, संयम पाटीदार, दिव्यांशु परमार, नितिन गौड़, सांवर खान, अनिल जैन, राजेश सेठीया, डॉक्टर वैभव निहारिका जैन, स्वप्निल नीलम घोरपडे, आशु स्मृति घोरपडे, अपेक्षा एरन, आदि सीनियर खिलाड़ी उपस्थित रहे



# सीए ब्रांच द्वारा मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस। योग साधना हमारे देश की काफ़ी प्राचीन परम्परा है जो हमें शारीरिक स्वास्थ्य लाभ तो देती ही है, साथ ही मानसिक तौर पर भी मनुष्य को मज़बूत बनाती है। हमें अपने दैनिक जीवन में योग के लिये समय निकलने का प्रयास अवश्य करना चाहिये। उक्त विचार पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद ने दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की मंदसौर ब्रांच द्वारा आयोजित 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

आपने मन्दसौर ब्रांच द्वारा निरंतर आयोजित हो रहे शैक्षणिक, सामाजिक और खेल गतिविधियों की सराहना की और कहा कि यदि ब्रांच आगे किसी जनहित कार्य का बीड़ा उठाती है तो पुलिस विभाग पूर्ण सहयोग हेतु तत्पर रहेगा। योग सत्र का संचालन प्रख्यात योग गुरु श्री सुरेंद्र जैन एवं श्रीमती प्रीति जैन द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योग क्रियाओं के साथ उनके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों की जानकारी दी। श्री जैन ने योग को प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी, जिससे कार्य क्षमता, तनाव प्रबंधन व स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। ब्रांच अध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने अपने उद्बोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान जीवनशैली में योग अपनाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने खउअख द्वारा गठित 'कमिटी ऑन प्रमोटिंग वर्क-लाइफ बैलेंस' का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके अध्यक्ष सीए जय छारिया के नेतृत्व में पूरे देश की सीए ब्रांचेस को योग दिवस उत्सव के रूप में मनाने हेतु प्रेरित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन सीए विकास भंडारी द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत सीए विनय अग्रवाल, सीए नीतेश भदादा, सीए अर्पित नागर, सीए अर्पित मेहता, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल, सीए सुशील जैसवानी एवं मनीषा मंडवारिया द्वारा किया गया।

# आज पेंशनर्स प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को देंगे ज्ञापन

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स ऑफ फेडरेशन के आव्हान के अनुसार भारत पेंशनर समाज जिला शाखा मंदसौर, मध्यप्रदेश प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा मंदसौर, एमपीईबी पेंशनर्स एसोसिएशन जिला मंदसौर, रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन मंदसौर के संयुक्त निर्णय अनुसार हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा पेंशनर्स विरोधी निर्णय के कारण विरोध स्वरूप एक ज्ञापन भारत के प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को 23 जून को दोप. 12.30 बजे सुशासन भवन मंदसौर पर दिया जावेगा। केंद्र सरकार ने आठवे वेतन आयोग, जो की 01 जनवरी 2026 से केंद्रीय कर्मचारियों एवं पेंशनर्स पर लागू होगा, में केंद्र सरकार ने अपनी कैबिनेट में एक प्रस्ताव पास कर 25 मार्च 2025 को केंद्रीय सिविल सेवा अधिनियम में संशोधन कर सदन में पास करा लिया है। जिसके अनुसार आठवें वेतनमान का लाभ पुराने पेंशनर्स को नहीं दिया जाएगा। सरकार के इस कदम का केंद्र व राज्य के सभी पेंशनर्स संघो ने विरोध करना शुरू कर दिया है। जिसके तहत ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स ऑफ फेडरेशन ने भी उग्र आंदोलन की घोषणा की है। इसके तहत 23 जून 2025 को संपूर्ण भारत देश के जिलों के जिलाधीश के माध्यम से विरोध स्वरूप एक ज्ञापन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को भेजा जाएगा तत्पश्चात आगामी आंदोलन की रूपरेखा बना उसे और भी तेज किया जाएगा। भारत पेंशनर समाज जिला शाखा मंदसौर के जिलाध्यक्ष प. गोपालकृष्ण शर्मा, संरक्षक डॉ. रमेश देवड़ा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, प्रमुख पेंशन एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सतीश नागर, म.प्र. विद्युत पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्री खूबचंद शर्मा, रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के उपप्रान्ताध्यक्ष ई. सुनील व्यास व जिलाध्यक्ष ई. मनोहर सिंह चुण्डावत, संयोजक बलवंतसिंह कोठारी, सचिव दिनेश आचार्य, कन्हैयालाल भावसार, राजेन्द्रसिंह चौहान, राजेन्द्र चौधरी, पी.एल. कुमावत, राधेश्याम गुप्ता ने जिले के सभी पेंशनर्स से अपील की है कि ज्ञापन देने हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

# टीम एवीएस मंदसौर तहसील कार्यकारिणी घोषित

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** पांच बिंदुओं पर कार्य करते हुए अपने तीसरे वर्ष के कार्यकाल में टीम एवीएस का विस्तार करते हुए मंदसौर तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया है!

उक्त जानकारी देते हुए टीम में एवीएस संस्थापक मनीष भावसार ने बताया कि टीम एवीएस मंदसौर कार्यकारिणी में संरक्षक हेमंत गिरी गोस्वामी खिलचीपुरा, संजय धनगर राजाखेडी, राजकुमार खारोल नगरी, श्याम पाटीदार राजाखेडी, राजेश चौहान मैनपुरिया। मार्गदर्शक के रूप में अशोक राठौर डोराना, बलवंत सिंह निपानिया कचरू लाल शर्मा सोनगरी, रमेश सेन सोनगरी, बंसीलाल जाटव मैनपुरी, । परामर्शदाता जगदीश बैरागी डोराना , अशोक गोस्वामी सेजपुरिया, विनोद निनामा अचेरा, मधुसूदन शर्मा गुर्जर बढ़िया। तहसील संयोजक के रूप में विनोद प्रजापत मैनपुरीया, सहसंयोजक दिनेश पाटीदार गुर्जर बढ़िया, श्याम पाटीदार अघोरिया, रवि सिंह सोनगरी, कारूलाल पाटीदार राजाखेडी, सुनील भावसार रेवास। तहसील अध्यक्ष ललित राठौर गांव मिर्जापुरा। उपाध्यक्ष नरेंद्र राठौड़ रेवास देवड़ा, मंगलसिंह भाटी राजाखेड़ी, अंबालाल भावसार अफजलपुर, पुष्कर सिंह परिहार भाटरेवास, मंगल सिंह गोड चांगली, पवन सिंह केलवा निपानिया, शौकीन पाटीदार पालड़ी। सचिव यशपाल सिंह सिसोदिया गांव रिंडा, सहसचिव गिरीश मेनारिया रिंडा, अंकित धनगर सेजपुरिया, अर्जुन पाटीदार पालड़ी, रामविलास सेंन सोनगरी। कमल सिंह गौड पानपुर, जितेंद्र राठौर रिंडा, अर्जुन धनगर सूरी। कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भाटरेवास जितेंद्र धनगर मैनपुरिया, लोकेंद्र सिंह सोनगरी, विनोद कुमावत डोराना, समन्वयक नेपाल सिंह शक्तावत रिंदवन, नारायण सिंह आंजना माल्या। मीडिया प्रभारी राधेश्याम शर्मा सोनगरी, सह मीडिया प्रभारी श्याम सिंह सिसोदिया भाटरेवास, विशाल सेन सोनगरी। संगठन मंत्री डॉ दिनेश राठौर मैनपुरिया, धार्मिक कार्य संयोजक महेश धनगर गुजरदा, सुनील धनगर सिंदपन, पर्यावरण कार्य संयोजक गोविंद धनगर हैदरवास, शुभम सिंह सोलंकी सोनगरी, मदद कार्य संयोजक ईश्वर कुमावत कोचवी, कन्हैयालाल पाटीदार रिछाबच्चा स्वास्थ्य कार्य संयोजक दिव्यपाल सिंह सिसोदिया मेनपुरिया मुख्य रूप से बनाए गए।

## 350 ग्राम अफीम जप्त, आरोपी गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अफीम सहित एक युवक को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अम्बाव के निकट करीब 350 ग्राम अफीम सहित अम्बाव निवासी पुष्कर पिता बालूराम बावरी को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से अफीम बरामद हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया व अफीम जब्त की। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# दशपुर विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय मंदसौर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के शिक्षक भरत सिंह द्वारा योग दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात खेल शिक्षक श्री आकाश गाजवा के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं कोसुखासन, वज्रासन, ताड़ासन, गोमुखासन, चक्रासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया। विद्यालय प्राचार्य द्वारा इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी। शिक्षा विभाग तथा खेल एवं युवा



कल्याण विभाग द्वारा संजय गांधी उद्यान मंदसौर में आयोजित योग महोत्सव में भी विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के एक समूह नेसहभागिता की । इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य प्रिंस वी. थॉमस, उपप्राचार्य शैलेन्द्र पुरोहित, सुपरवाइजर श्री हकीमप्रसाद शर्मा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।



# सात दिवसीय राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन टीओटी ट्रेनिंग प्राप्त कर लौटे मंदसौर के कनोजिया व बरड़िया

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय द्वारा चार चरणों में सिविल डिफेंस अधिकारी एवं वॉलिंटियर्स को साथ दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें प्रत्येक जिले से दो सिविल डिफेंस अधिकारियों का चयन कर उज्जैन डिविजन भेजा गया जिसमें उज्जैन डिविजन से मंदसौर सिविल डिफेंस मंदसौर से एडिशनल चीफ वार्डन जितेंद्र कनोजिया, डिविजनल वार्डन जयनिश बरडिया का चयन हुआ इन्होंने भोपाल राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर (टीओटी) का प्रशिक्षण जिसमें एनडीआरफ 11वीं बटालियन भोपाल द्वारा ट्रेनिंग दी गई जिसमें जिस प्रकार देश में आपातकाल की स्थिति में सिविल डिफेंस के क्या कार्य होंगे और किस प्रकार से कार्य करना है क्योंकि कोई भी डिजास्टर या कोई भी आपदा कोई भी घटना दुर्घटना घटती है वहां तक पहुंचाने के लिए पुलिस और प्रशासन को समय लगेगा उस दौरान उस क्षेत्र में रहने वाला सिविल डिफेंस वालंटियर किस प्रकार अपनी अहम भूमिका निभाएगा यह जानकारी देते हुए बाढ़, भूकंप, एयर अटैक, एक्सीडेंट या कहीं आग लग जाती है उसे दौरान क्या-क्या सावधानी रखना है और किस प्रकार प्रशासन की मदद करते हुए वालंटियर अपनी भूमिका निभाएंगे यह प्रशिक्षण दिया गया। हाल ही में 12 जून को अहमदाबाद में जो दुर्घटना घटित हुई है उसे दुर्घटना में जो प्लेन में सवार यात्री दुर्घटना में मारे गए उनकी पहचान कैसे की जाए उनकी डेड बॉडी को कैसे चिन्हित करना है कैसे उनके परिवार को सोपना है यदि उसे दौरान आपके पास कोई भी इक्विपमेंट नहीं है तो आपको अपने दिमाग से स्टेचर बनाना, सीपीआर देना जैसी ट्रेनिंग भोपाल में दी गई साथ ही युद्ध के दौरान जब एयर अटैक के द्वारा कई राज्यों में बम गिराए जाने की स्थिति में यदि हमारे क्षेत्र में उन एक्सप्लोडेड बम गिरता है और ऐसी कोई चीज़ हमको दिखाई देती है तो हमें क्या करना है उसे एन एक्सप्लोडेड बम को फटने से पहले किस प्रकार सुरक्षा करना है और वहां जो रहवासी है उनको बिना घबराहट के किस प्रकार वहां से निकलना है यह प्रशिक्षण भी वहां दिया गया एवं अंत में प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर उप पुलिस महानिरीक्षक मनीष कुमार अग्रवाल (आईपीएस) होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान का सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी होमगार्ड कमांडेंट यादव साहब, चीफ वार्डन डॉ विजय सिंह पुरावत, एवं प्लाटून कमांडर संदीप भंवर द्वारा दी गई।

## गुर्जर समाज को संगठन में हिस्सेदारी दे कांग्रेस -गुर्जर

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस का संगठन सृजन



का काम चल रहा है जिसके चलते सभी जिलों में कांग्रेस के नए जिला अध्यक्षों का चयन होना है। जिसमे सभी दावेदार अपनी दावेदारी मजबूती से प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी के चलते गुर्जर समाज के सभी संगठनों के द्वारा संगठन में समाज की हिस्सेदारी की माँग रखी है।

अखिल भारतीय गुर्जर देव सेना के प्रदेश प्रचार मंत्री कवि देव सिंह गुर्जर ने यह माँग करते हुए कहा कि गुर्जर समाज पूरे प्रदेश में बाहुल्य होने के साथ ही अधिकांश सीटो को प्रभावित करती है। यदि कांग्रेस अपने संगठन में गुर्जर समाज को हिस्सेदारी देती है और समाज के व्यक्ति को ही जिला अध्यक्ष बनाती है तो आने वाले वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में इसका फ़ायदा पार्टी को अवश्य मिलेगा। साथ ही गुर्जर ने यह भी बताया कि गुर्जर समाज के उज्जैन, मंदसौर, देवास सहित कई जिलों में ऐसे मजबूत दावेदार हैं जो कांग्रेस को मजबूत करने का सामर्थ्य रखते हैं।

# टीम एवीएस द्वारा नि:शुल्क योग शिविर का समापन

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** टीम एवीएस पांच बिंदु धर्म, पर्यावरण, मदद, स्वास्थ्य और योगासन के क्षेत्र में कार्य करती है जिसके चौथ बिंदु स्वास्थ्य और पांचवा बिंदु योगासन को जमीन पर परिणामकारी बनाने के लिए दशपुर भावसार समाज के सहयोग से ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में योग सिखाने का कार्य प्रशिक्षित योग शिक्षिका आस्था भावसार द्वारा अपना अमूल्य समय देकर क्षेत्र वासियों को निशुल्क योग सीखकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। एक माह चले इस योग शिविर का समापन आयोजन भावसार समाज धर्मशाला में उपस्थित अतिथिगण और क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में टीम एवीएस के जिला संयोजक गोविंद शर्मा गांव अमलावद, जिला अध्यक्ष सुरेश बैरागी गांव अघोरिया दशपुर भावसार समाज के अध्यक्ष महेश भावसार , कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गंगपारा, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती किरण भावसार, कोषाध्यक्ष श्रीमती सपना भावसार और वैष्णव बैरागी समाज अध्यक्ष आशा बैरागी मुख्य रूप से मंचासीन अतिथि रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता को दीप प्रज्वलित



कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसके बाद अतिथियों का स्वागत टीम एवीएस के उपाध्यक्ष ओम पाटीदार गांव रिंडा, अमलेश रावल गांव गुदीयाना, ओमप्रकाश बैरागी, सुधांशु भावसार , आस्था भावसार, श्री मति मंगला भावसार, उमा भावसार द्वारा किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए टीम एवीएस के जिला सह मीडिया प्रभारी मितेश भावसार ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी नि:शुल्क का योग शिविर दशपुर भावसार समाज के सहयोग से सत्यनारायण मंदिर खानपुरा मंदसौर पर आयोजित किया जा रहा था ! समापन कार्यक्रम में गोविंद शर्मा ने कहा की योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए टीम एवीएस द्वारा जो प्रयास किया गया वह बहुत ही सराहनीय है तथा उन्होंने कहा है कि कौन कहता है की आसमान में सुराग नहीं होता एक एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो, इस बात को सिद्ध करते हुए योग शिक्षिका आस्था भावसार में एक पिछडे क्षेत्र में सभी को जोड़कर अपने स्वास्थ्य और योग के प्रति जागृत किया है तो योग भी यही कहता है कि सबको जोड़कर कार्य करते रहो। टीम एवीएस जिला अध्यक्ष सुरेश बैरागी ने कहा है की टीम एवीएस अभी तक शिवना नदी और पर्यावरण के उपर ही कार्य करती आ रही है लेकिन योग शिक्षिका ने योग का कार्य प्रारंभ होते ही निशुल्क योग शिविर लगाकर एक ईतिहास रचने का काम किया है और वह भी नि:शुल्क। दशपुर भावसार समाज के अध्यक्ष महेश जी भावसार ने कहा है की टीम एवीएस हमेशा सेवा के क्षेत्र में कार्य करती है इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए पिछड़े क्षेत्र में नि:शुल्क योग सीखाकर क्षेत्र वासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक्क किया है वह बहुत ही सराहनीय कार्य है। साथ ही सभी अतिथिगण ने इस अच्छे कार्य के लिए शुभकामना संदेश अपने उद्बोधन में दिया है। कार्यक्रम का संचालन टीम एवीएस के संस्थापक और योग शिविर के पालक मनीष भावसार द्वारा किया गया। अतिथि उद्बोधन के पश्चात योग प्रशिक्षणार्थियों द्वारा जो योग आसन सीखे हैं उनका वहां पर प्रगटीकरण हुआ है तथा योग शिक्षिका द्वारा योग को रुचिकर बनाने के लिए योग के साथ संगीत को जोड़ते हुए माताजी के भजन पर योगासन का प्रगटीकरण हुआ है जिसकी उपस्थित जन और अतिथियों द्वारा खूब प्रशंसा की गई है। इस बात से प्रसन्न होकर टीम एवीएस के जिला संयोजक गोविंद शर्मा द्वारा योग शिक्षिका को ? 1100 इनाम स्वरूप प्रदान किए गए हैं। सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले योग शिक्षार्थी को प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम में प्रमाण पत्र वितरण में अतिथि के रूप में टीम एवीएस के जिला उपाध्यक्ष ओम पाटीदार और अमलेश रावल भी मंचासीन थे। आभार योग शिक्षिका आस्था भावसार द्वारा प्रकट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अन्य समाजजन और क्षेत्रवासी भी उपस्थिताथे।



# कालिदास प्रसंग के संदर्भ से जिला स्तरीय संस्कृत श्लोकपाठ और संभाषण प्रतियोगिता संपन्न

**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** कालिदास प्रसंग के संदर्भ में उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय शासकीय / अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की संस्कृत श्लोक पाठ और संभाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई

यह जानकारी देते हुए प्रतियोगिता प्रभारी श्रीमती अर्चना दवे और संयोजक महेश त्रिवेदी ने बताया कि कि आगामी 26-27 जून को कॉलेज के कुशा भाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में मप्र संस्कृति ओर परिषद और कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से दो दिवसीय कालिदास प्रसंग का आयोजन किया जाएगा जिसमें शुभारंभ दिवस इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के शुभारंभ के समय अतिथि के रूप में उपस्थित नगर के वरिष्ठपत्रकार डॉ घनश्याम बटवाल, कालिदास प्रसंग के स्थानीय संयोजक ब्रजेश जोशी, उत्कृष्टविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती विनीता प्रधान पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी और बालागंज कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य सुदीप दास महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्राचार्य के. सी. सोलंकी पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला के आचार्य पं. विष्णु ज्ञानी व बैंक अधिकारी नगेन्द्र श्रीवास्तव ने मां सरस्वती और महाकवि कालिदास के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता में 30 विद्यार्थियों ने श्लोक पाठ एवं 20 ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। आरंभ में कालिदास प्रसंग के संयोजक ब्रजेश जोशी ने नगर में कालिदास प्रसंग के आयोजन की पृष्ठभूमि से अवगत कराया। वरिष्ठ पत्रकार डॉ.घनश्याम बटवाल ने उपस्थित विद्यार्थियों और आचार्य गणों से दो दिवसीय कालिदास प्रसंग के सभी आयोजनों में सम्मिलित होने का अनुरोध किया। प्राचार्य के सी सोलंकी ने उनकी विद्यार्थी अवस्था में कालिदास समारोह में एसी ही प्रतियोगिताओं में वे भी सम्मिलित होते थे उन संस्मरणों से अवगत कराया। श्रीमती विनीता प्रधान सुदीप दास ने भी शुभकामनाएं व्यक्त की।

अतिथियो ओर निर्णायकों का स्वागत प्रतियोगिता प्रभारी श्रीमती अर्चना दवे ने किया। संस्कृत की विद्वान शिक्षिका ओर लेखिका श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव संस्कृत शिक्षक श्री विनोद जोशी एवं गोपाल पांडे प्रतियोगिता के निर्णायक थे। संस्कृत के श्लोक महाकवि कालिदास के ग्रंथों से उद्धृत किए गए थे तथा संभाषण का विषय 'मालवा के गौरव महाकवि कालिदास' था। माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्तर दोनों वर्गों में तीन-तीन प्रतियोगियों को कालिदास अकादमी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा दस दस प्रतियोगियों को प्रोत्साहन पुरस्कार तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। निर्णय की घोषणा की 26 जून को कालिदास प्रसंग के शुभारंभ समारोह में की जाएगी। संचालन प्रतियोगिता संयोजक महेश त्रिवेदी ने किया। आभार आरती दवे ने माना।

**महाविद्यालय में आज होगी प्रतियोगिता**–कालिदास प्रसंग को ही लेकर आज 23 जून सोमवार को प्रात: 11:00 बजे शा.महाविद्यालय मंदसौर में जिलास्तर पर संस्कृत श्लोक पाठ एवं संभाषण प्रतियोगिता आयोजित होगी। महाविद्यालय के प्रतियोगिता प्रभारी प्रो. अनिल कुमार आर्य ने यह जानकारी दी है।

## पड़ोसी देशों से विदेश मंत्री की दो टूक, कहा...

# साथ काम करने पर लाभ मिलेगा, विरोध करने पर कीमत चुकानी होगी



**नई दिल्ली, 22 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विदेश मंत्री एस। जयशंकर ने भारत की बदलती विदेश नीति की दिशा और उसकी वैश्विक छवि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में भारत ने न केवल अपनी विदेश नीति को मजबूत और स्पष्ट किया है, बल्कि दुनिया में अपनी उपस्थिति और ताकत का असरदार प्रदर्शन भी किया है। जयशंकर ने कहा कि भारत को अपने पडोसी देशों के साथ संबंधों में हर समय सहजता की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पडोसियों को यह समझना होगा कि भारत के साथ काम करने से लाभ होगा और विरोध करने की कीमत चुकानी पड़ेगी।

उन्होंने विशेष रूप से पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, कुछ को बात जल्दी समझ आती है और कुछ को नहीं। पाकिस्तान इसका उदाहरण है, जहां शत्रुता और सेना की सोच ने उसकी पहचान तय कर दी है। अगर पाकिस्तान को छोड़ दें तो भारत की नीति अन्य देशों पर प्रभावी ढंग से लागू होती है। जब एक रणनीतिक विशेषज्ञ ने उनसे अमेरिका और चीन के साथ संबंधों को लेकर सवाल किया तो विदेश मंत्री ने कहा, अमेरिका को अनिश्चितता जरूर है, लेकिन भारत ने विविध स्तरों पर संबंध बना कर स्थिरता लाने की कोशिश की है। चीन को लेकर उन्होंने कहा कि भारत-चीन सीमा पर तनावपूर्ण हालात रह चुके हैं, जिनमें 2020 की गलवान घाटी की झड़प विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा, चीन का सामना करने के लिए भारत को अपनी क्षमताएं बढ़ानी होंगी। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश नीति को नया लक्ष्य और दिशा दी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ईरान-इजराइल संघर्ष के दौरान ऑपरेशन सिंधु, रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच ऑपरेशन गंगा जैसे कठिन मिशनों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। विदेश मंत्री ने मालदीव और श्रीलंका का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार में बदलाव के बावजूद भारत ने संबंधों को स्थायित्व दिया है। उन्होंने बताया कि नेपाल के साथ संबंधों में कई बार भारत को आंतरिक राजनीति में घसीटा जाता है, लेकिन भारत ने हमेशा संयम और समझदारी से काम लिया है। जयशंकर ने 26/11 मुंबई हमलों की याद दिलाते हुए कहा कि पहले भारत की नीति पाकिस्तान को लेकर नरम थी, लेकिन मोदी सरकार ने इसे पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उरी सर्जिकल स्ट्राइक (2016), बालाकोट एयरस्ट्राइक (2019) और हाल ही में ऑपरेशन सिंधु का ज़िक्र करते हुए कहा, अब भारत की नीति है, हम पहले नहीं छेड़ेंगे, लेकिन अगर छेड़ा गया तो फिर छोड़ेंगे नहीं। बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने आसियान देशों, हिंद-प्रशांत क्षेत्र और खाड़ी देशों के साथ अपने संबंधों को बेहद सशक्त और भरोसेमंद बनाया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम कार्यक्रम एवं पौधारोपण संपन्न




**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर.के. व्यास ने बताया कि एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर आयोजित ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में प्रात: 6 बजे नचिकेता सभागार (रूसा हॉल) में योग संगम समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित सभी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रसारित प्रेरणादायी संदेश को सुना तथा तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं योग प्रशिक्षक डॉ. आर.सी. डाड के नेतृत्व में सभी ने योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम के पश्चात अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा श्री कुशाभाऊठाकरे प्रेक्षागृह एवं एन.सी.सी. परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेडक्रॉस द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नीम, जामुन, आम, मौलश्री, पाकड़, रुद्राक्ष, कचनार, बिल्व, चम्पा आदि के लगभग 150 पौधों का रोपण किया गया है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर.के. व्यास ने कहा कि योगाभ्यास से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है और वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण होता है। इसलिए हमें प्रतिदिन योगाभ्यास के साथ वृक्षों के संरक्षण का कार्य भी करना चाहिए। योग संगम एवं वृक्षारोपण समारोह में प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर. के. व्यास, डॉ. आर. सी. डाड, डॉ. संतोष कुमार शर्मा, डॉ. अशोक पाटीदार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य, प्रो. संदीप सोनगरा, क्रीड़ाधिकारी श्री राजू कुमार, डॉ. सोहनलाल यादव, डॉ. संतोष सिंह मालवीय, डॉ. शिव पांडे, प्रो. नरेंद्र बंधवार, पर्यावरणविद श्री अशोक धनोतिया, स्वयंसेवक विनय शर्मा, अर्पित परमार, अरविंद सिंह समेत महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# वैष्णव बैरागी समाज संगठन का पुनर्गठन, भैरुदास बने जिला अध्यक्ष

**युवा संगठन के गगन बैरागी बने जिला अध्यक्ष, समाज का सदस्यता अभियान प्रारम्भ, धर्मशाला निर्माण में प्रगति**



**मनासा, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** वैष्णव बैरागी समाज व भादवामाता माता धर्मशाला निर्माण समिती को भंग करते हुए पुन: संगठन का नवनिर्माण 22 जून 2025, रविवार को भादवामाता माता में वैष्णव बैरागी समाज जिला नीमच की वृहद बैठक में सर्वसहमति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में धर्मशाला निर्माण के आय व्यय व आगामी योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। वंही नीमच जिला वैष्णव बैरागी समाज संगठन की कार्यकारिणी को तत्काल भंग करते हुए। नीमच जिले के सेंकडो वैष्णव बैरागी समाज बंधुओं की उपस्थिति में व सर्वसहमति से नवीन नीमच जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें कार्यकुशलता को देखते हुए नीमच जिला वैष्णव बैरागी समाज व भादवामाता धर्मशाला निर्माण समिति के अध्यक्ष पद पर पुन: भैरुदास बैरागी (धामनिया) को जिला अध्यक्ष पद पर आगामी 2 वर्ष हेतु चयनित किये गए। वरिष्ठ नीमच जिला वैष्णव बैरागी समाज कार्यकारिणी में जिला सचिव पुरुषोत्तम बैरागी (जवासा), जिला उपाध्यक्ष मनोहरदास (लासुर), जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र बैरागी (भागल), जिला उपाध्यक्ष सुंदरदास (मानपुरा), जिला उपाध्यक्ष दिनेशदास (कचौली), जिला उपाध्यक्ष (ग्रामीण) जमनादास (पिपलिया नाथावत), जिला उपाध्यक्ष कमलदास (पालसोड़ा), जिला उपाध्यक्ष नीमच (शहर) बंशीदास (जवासा), विधि सलाहकार युगल किशोर (जावद), जिला कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम बैरागी (बिसलवास कला), जिला सह सचिव मुकुंद बैरागी (लसुडी हाड़ा), जिला सह कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बैरागी (नीमच सिटी), जिला संगठन मंत्री राकेश बैरागी (बिसलवास कला), जिला मीडिया प्रभारी गोपाल बैरागी (रातडिया), जिला सह मीडिया प्रभारी मनोहरदास (बराडा), जिला प्रवक्ता गोपालदास बैरागी (कड़ी खुर्द) को सर्वसहमति से 2 वर्ष के कार्यकाल हेतु पद पर मनोनीत हुए। वंही नीमच जिला वैष्णव बैरागी युवा संगठन के जिला अध्यक्ष पद पर गगन बैरागी (कंजार्डा), जिला उपाध्यक्ष पवनदास बैरागी (बावल), जिला उपाध्यक्ष दुलीचंद बैरागी (सिंघाड़िया पिपलिया), जिला उपाध्यक्ष घीसादास बैरागी (मनासा), जिला उपाध्यक्ष अर्जुन बैरागी (गुजरत), उपाध्यक्ष नीमच (ग्रामीण) निलेश बैरागी (जवासा), जिला उपाध्यक्ष पंकज बैरागी (हरवार), जिला उपाध्यक्ष (शहर) भूपेंद्र बैरागी (जयसिंहपुर), जिला मंत्री पप्पू बैरागी (पिपलोन), नीमच शहर अध्यक्ष राजेश बैरागी, जावद शहर अध्यक्ष जीवन बैरागी, मनासा शहर अध्यक्ष जुगल बैरागी, जिला सचिव विशाल बैरागी धामनिया, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश बैरागी आमली भाट, जिला संगठनमंत्री गनपत बैरागी बिसलवास कला, जिला महामंत्री मनीष बैरागी आमली भाट, जिला मीड्िया प्रभारी योगेश बैरागी पालसोड़ा को पद पर सर्वसहमति से 2 वर्ष के कार्यकाल हेतु मनोनीत किया गया। समाज जन को अधिकाधिक संगठन से जुड़ने हेतु सदस्यता अभियान प्रारम्भ किया गया है, वंही भादवामाता में निर्माणाधीन धर्मशाला को प्रगति दी जाएगी।

समाज हेतु समर्पित व समाज उत्थान हेतु अग्रसर समाज के वरिष्ठजन व युवाओं ने ओजस्वी रूप से आगाज करते हुए संगठन विस्तार सहित सामाजिक गतिविधियो में बढ़ावा व धर्मशाला निर्माण हेतु पुन: शंखनाद किया है। आगामी दिनांक 29 जून 2025, रविवार को आंतरी माता जी मे वैष्णव बैरागी समाज का नीमच जिला स्तरीय वृहद आयोजन होगा। इस आयोजन में नीमच, जावद व मनासा विकासखण्ड के सेंकडो वैष्णव बैरागी आयोजन में शामिल होंगे व माँ आंतरी के दर्शन का लाभ लेकर सामाजिक कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करेंगे। उपरोक्त संगठन के पुनर्गठन से नीमच जिले के वैष्णव बैरागी समाज मे हर्ष व्याप्त है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो का माँ भादवा का दुप्पट्टा पहनाकर व जयघोष के साथ, स्वागत अभिनन्दन किया गया।

# एजेंसी दिलाने के नाम पर साढ़े चार लाख की ठगी, आरोपी फरार

**गरोठ, 22 जून गुरु एक्सप्रेस। थाना क्षेत्र के ग्राम गुराडिया नर्सिंग में रासायनिक खाद की एजेंसी दिलाने के नाम पर दो ग्रामीणों से 04 लाख 60 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने अपने नाम बदलकर खुद को खाद कंपनी से जुड़ा बताया और एजेंसी दिलाने का झांसा देकर रकम हड़प ली।**

जानकारी के अनुसार, पीड़ित जितेंद्र पाटीदार एवं मंगलेश पाटीदार से आरोपियों ने क्रमश: 2.5 लाख की राशि ली। इनमें से एक आरोपी ने खुद का नाम राहुल खान बताया था। रकम लेने के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। थाना प्रभारी हरीश मालवीय ने बताया कि आरोपी बेहद शातिर हैं और इन्होंने फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी की है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आवश्यकता होने पर शिक्षकों के हित में आर-पार की लड़ाई लड़ने को राज्य शिक्षक संघ तैयार-यादव



**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश की प्रांतीय बैठक प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव की अध्यक्षता में भोपाल में विधिवत संचालित हुई जिसमें राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के सभी प्रांतीय, जिला पदाधिकारियों ने बैठक मे अपने विचार रखें। मंदसौर से प्रांतीय महासचिव दिनेश शुक्ला एवं पदाधिकारी के साथ ही प्रांतीय कार्यकारिणी के श्री करतार सिंह राजपूत, देवेंद्र तिवारी, उमेश ठाकुर, नरेंद्र त्रिपाठी, प्रभुराम मालवीय, प्रशांत दीक्षित, नगेन्द्र त्रिपाठी, अनिल पाटीदार, नरेंद्र भार्गव, गिरीश द्विवेदी सहित प्रदेश भर के पदाधिकारियों ने अपने विचार बैठक में रखें।

प्रदेश भर से आए सभी प्रांतीय एवं जिला पदाधिकारी ने वर्तमान में पूरे मध्यप्रदेश के अध्यापकों की प्रमुख मांग स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विगत दिवस जारी ई अटेंडेंस, पुरानी पेंशन, वरिष्ठता ,ग्रेजुटी, चिकित्सा सहायता, अनुकंपा नियुक्ति सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। प्रांतीय महासचिव दिनेश शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में पूरे मध्य प्रदेश के अध्यापक राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश की प्रभावी गतिविधियों का इंतजार कर रहे हैं सभी को उम्मीद है कि अध्यापकों के हित सम्बन्धी जो भी न्यायोचित मांग हैं मध्य प्रदेश सरकार से हल कराने में संघ पुरी क्षमता के साथ उचित फोरम पर हल करा सकता। इतिहास गवाह है कि शिक्षाकर्मी से लेकर अध्यापक एवं राज्य शिक्षा सेवा अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं समय समय पर वेतन बढ़ोतरी, क्रमोन्नति, अनुकंपा सहित सभी का लाभ प्रदान कराया है आज पुन: मध्य प्रदेश सरकार द्वारा केवल स्कूल शिक्षा विभाग में ही ई अटेंडेंश व्यवस्था लागू करने संबंधी पत्र जारी किया गया है जबकि या तो यह व्यवस्था सभी विभागों में अनिवार्य हो या हमारे विभाग में भी लागू नहीं की जावे इस पर गंभीरता से निर्णय लेना होगा। बैठक में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदीश यादव ने अपने सभी साथियों का आव्हान किया कि आज हमें पुन: अपने पूर्व संघर्ष को कही दोहराने की आवश्यकता है आप सभी तैयार रहे राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश सदैव अध्यापक हित में सरकार से वार्ता के माध्यम से कई समस्याओं को हल कराता रहा है। आज हमारी स्थिति मध्य प्रदेश में 1998 के बाद नियुक्त पंचायत एवं अन्य निकाय कर्मचारियों से कही अच्छी स्थिति है। हम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता को प्राप्त करने हेतु सतत प्रयासरत हैं आवश्यकता है कि सभी साथी संघ की गरिमा अनुरूप अपने हक हेतु संगठित होवे क्योंकि बीच में हमने लंबा संघर्ष नहीं कर पाए हैं आप सभी धैर्य रखे हम हमारे अधिकारों के लिए कभी भी किसी स्तर पर कोई कसर नहीं छोड़ेगे चाहे ग्रेजुटी हो। उक्त आशय की जानकारी जिला उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राणावत ने दी है।

# मंदिर में चोरी के आरोपी को भेजा जैल

**पिपलियामंडी, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** खात्याखेड़ी मार्ग पर मंदिर में चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया, जिसे कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार रात्रि में खात्याखेड़ी मार्ग थित तुरन्त बालाजी मंदिर पर रात्रि में चोर ने जाली तोड़कर दान पात्र का ताला तोड़कर नकदी चोरी कर ली। सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी चेक किए, जिसमें चोर कैद हुआ। पुलिस ने हुलिए के आधार पर एक युवक को पकड़ा। चौकी प्रभारी धर्मेश यादव ने बताया आरोपी की पहचान गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) निवासी सुदर्शन (25) पिता गिरिधर राव के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जिसे जेल भेजने के आदेश हुए।

# दशपुर रंगमंच ने विश्व संगीत दिवस पर सजाई सुरीली शाम



**मंदसौर, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच मंदसौर ने विश्व संगीत दिवस के अवसर पर एक मनमोहक संगीत संध्या का आयोजन किया। इस दौरान कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियाँ देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा दुग्गड़ के भावपूर्ण गीत 'एक प्यार का नगमा है' से हुई, जिसने शाम को एक सुरीली पहचान दी। इसके बाद, आबिद भाई ने 'मैंने तेरे लिए ही सात रंग के सपने चुने' प्रस्तुत कर सभी का ध्यान खींचा। सतीश सोनी ने 'जो गीत नहीं जन्मा वही गीत बनाएंगे' गाकर अपनी गायकी का जौहर दिखाया।

श्याम गुप्ता ने 'मैं एक राजा हूं, वो एक रानी हैं' गीत प्रस्तुत किया, वहीं राजा भैय्या ने 'तू मेरा जानू है, तू मेरा दिलबर है' को बेहद खूबसूरती से गाया। ललिता मेहता ने 'हम तेरे प्यार में सारा आलम खो बैठे' गाकर समां बांध दिया, जबकि अभय मेहता ने 'ऐ मेरे दिल कहीं और चल गम की दुनिया से दिल भर गया' को अपनी आवाज़ में ढाला। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अभय मेहता ने संगीत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'प्रेम के बिना पूरी जिंदगी ही वीरान है और संगीत परमात्मा का दिया सबसे सुंदर वरदान है।' संगीत संध्या का सफल संचालन अभय मेहता ने किया, और अंत में ललिता मेहता ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश में विधायक व सांसद अपने-अपने जिलों की करेंगे समीक्षा, मुख्यमंत्री को देंगे रिपोर्ट

**भोपाल, 22 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिलेवार विकास का रोडमैप तैयार करने की दिशा में अब विधायक और सांसद अपने-अपने जिलों की समीक्षा करेंगे। वे जिले की प्रत्येक माह समीक्षा करेंगे और विकास कार्य की प्रगति के बारे में जानेंगे। इस कार्य में कलेक्टर, एसपी से लेकर विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। समीक्षा रिपोर्ट मुख्यमंत्री को दी जाएगी, जिसके आधार पर भविष्य में जिलों का आवश्यक विकास किया जाएगा।

**क्षेत्र के विकास पर जोर दें जनप्रतिनिधि**–विधायकों द्वारा विकास कार्यों र्की समीक्षा कर जनहितैषी कार्यों र्की अनुशंसा भी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस दिशा में कार्य करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों में बेहतर समन्वय रहे और आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए जरूरी विकास कार्य और उपाय सुनिश्चित किए जाएं। जिला स्तर पर बैठक कर विकास कार्यों र्का रोडमैप तैयार करें। सांसद और विधायक आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ऐसी व्यवस्था बनाएं कि वे अपने कार्यालय से ही व्यक्तिगत रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर सकें। सांसदों- विधायकों से यह भी कहा गया है कि वे जनता से सीधा संवाद करें और जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर क्षेत्र के विकास पर जोर दें।

**फ्लैगशिप योजनाओं पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान**–मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को पात्रता अनुसार मिल सकें एवं कोई भी हितग्राही जनहितैषी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री मोदी की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर जनप्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से ध्यान देकर कार्य करें।

**मंत्री भी करेंगे प्रतिमाह अपने-अपने विभागों की समीक्षा**–मंत्री भी अपने-अपने विभागों की प्रतिमाह समीक्षा करेंगे। वे विधायक, सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र में की गई अनुशंसा के आधार पर कार्य स्वीकृत करेंगे। जो प्रकरण कैबिनेट में भेजे जाएंगे, उनके प्रस्ताव तैयार कराए जाएंगे। प्रत्येक जिले में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए रोडमैप बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रवार भी विकास कार्यों का विभाजन करने के निर्देश दिए हैं।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मंदसौर

महू-नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मंदसौर, E-mail-: eephedmas@mp.nic.in

NIT NO. 07/2024-25

क्रमांक-1393/व.ले.लि./का.यं./2025 मंदसौर, दिनांक - 18.06.2025

निम्नलिखित कार्य आमंत्रण सूचना वेबसाईट www.mptender.gov.in पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| टेण्डर आई. डी.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपयों में) | 1. अर्नेस्टमनी (रुपये में) 2. आमंत्रण क्रमांक | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_431910_1 | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखंड मंदसौर के केन्द्रीय भंडारगृह पर रखी हुई अनुपयोगी सामग्री का नीलाम करने का कार्य बी.ओ.क्यू. अनुसार संपादित करना। 46964 किलोग्राम | 17,84,632.00 | 1. 35693.00 2. द्वितीय आमंत्रण | 15 दिवस | 04.07.2025 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाईन उक्त बेवसाईट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

(पी.के. गोगादे)
कार्यपालन यंत्री लोक स्वा.यां. खंड, मंदसौर
फोन नं.-07422232190

G-14647/25 देर से घर आए लेकिन दुरुस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले।



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1010/खनिज/2025 मंदसौर, दिनांक-17.06.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक पाटीदार स्टोन क्रेशर, पटेला, तहसील दलौदा, जिला मंदसौर प्रो. भगतराम पाटीदार द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 12.06.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 22.07.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | दलौदा | पटेला | 796, 707, 783 784, 785, 786 795, 709 | 4.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर, एम.सेड़ एवं मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22.07.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-14639/25 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in